# मऊगंज एवं रीवा में अवैध उत्खनन और परिवहन से लोग परेशान

## शिकायत पर मऊगंज कलेक्टर-एसपी पहुंचे सरदमन गांव, अवैध उत्खनन की जांच करेगी संयुक्त टीम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, रीवा एवं मऊगंज जिले में अवैध उत्खनन के साथ खनिज का परिवहन लम्बे समय से चल रहा है. कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है. अवैध उत्खनन और परिवहन से जहा स्थानीय लोग परेशान है वही शासन को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है. बावजूद इसके टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही नही की जा रही है.**



मऊगंज के हनुमना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध उत्खनन की लगातार मिल रही शिकायत के बाद कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे थे और अवैध उत्खनन के शिकायतो की जांच के निर्देश दिये थे. गौरतलब है कि जिस तरह से मऊगंज जिले के हनुमना क्षेत्र के पिपराही, जड़कुड़, सरदमन गांव, नईगढ़ी, मऊगंज, हर्रहा आदि स्थानों पर अवैध उत्खनन हो रहा है और स्टोन क्रेशर के धूल से लोग परेशान है. यही स्थित रीवा जिले के पश्चिमी क्षेत्र बनकुइयां, नौवस्ता, बेला में है. लगातार अवैध उत्खनन के साथ गिट्टी का अवैध परिवहन हो रहा है, इसके बाद भी कोई कार्यवाही नही की जा रही है. जबकि स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे है. ब्लास्टिंग से कई लोग चोटिल भी हुए और अवैध खनिज परिवहन का शिकार भी लोग हुए है, फिर भी कार्यवाही नही हो रही है. नवागत कलेक्टर का भी ध्यान अवैध उत्खनन के साथ खनिज माफियाओं पर नही जा रहा है. कहने के लिये तो टास्क फोर्स बनी है लेकिन कभी कार्यवाही नही होती है.

मऊगंज जिले के पिपराही क्षेत्र के सरदमन गांव में ग्रामीणो द्वारा अवैध उत्खनन एवं सड़क मार्ग को लेकर शिकायत की गई थी. जिसके बाद कलेक्टर और एसपी खुद मौके पर संयुक्त निरीक्षण करने पहुंचे और ग्रामीणो से संवाद भी किया था. ग्रामीणो द्वारा अवैध उत्खनन की शिकायत पर एसडीएम एवं खनिज अधिकारी को संयुक्त रूप से जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये है. सुरक्षा मानको का पालन न करने की भी शिकायत ग्रामीणो ने की थी.

## रोजगार मेला में मिलेगा रोजगार

रीवा, 10 जून, युवा संगम कार्यक्रम के तहत बिरला आईटीआई रीवा में 18 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 15 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन लेकर आना होगा.




## धोखाधड़ी मामले में कार्यवाही न होने पर एसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठी महिलाएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, रीवा में पैसा दो गुना करने के लिये महिलाओं के साथ दम्पत्ति ने करोड़ो की ठगी की. पीड़ित सैकड़ो महिलाओं ने शिकायत की उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई. लिहाजा बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पीड़ित महिलाओं ने कार्यवाही न होने के विरोध में धरना दिया.**

पुलिस का कहना है कि मामले को संज्ञान में लिया गया है मामले की जांच सी एस पी राजीव पाठक के द्वारा की जा रही है जांच में जो भी सामने आएगा उन पर कार्यवाही की जाएगी. हालांकि धरना दे रही महिलाओं का कहना है कि काफी समय से पुलिस में शिकायत की गई है स्कूल संचालिका आकला सुल्तान उर्फ नंदा एवं उसके पति असलम के द्वारा पैसे को दोगुना करने की बात कह कर सैकड़ो महिलाओं को ठगी का शिकार बनाया गया. महिलाओं ने बताया कि गारंटी के तौर पर उन्हें चेक एवं एग्रीमेंट भी दिया गया है लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है. इस पूरे मामले में कुछ भाजपा महिला नेत्रियों का भी नाम सामने आया था लेकिन इस मामले को लेकर अब महिला नेत्रियों ने भी अपने साथ ठगी होने की बात कह दी है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में जांच चल रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी. इधर पीड़ित महिलाओं का आरोप है की शिकायत के बाद कोई एक्शन नहीं लिया गया जिसके बाद महिला अपने पति के साथ फरार हो गई है.

## संक्षिप्त

### छः उपयंत्रियों का सात दिन का वेतन राजसात

**रीवा**. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के 6 उपयंत्रियों के सात-सात दिन के वेतन को राजसात करने का आदेश दिया है. जल गंगा संवर्धन अभियान एवं मनरेगा की प्रगति न्यून होने पर संबंधित उपयंत्रियों से स्पष्टीकरण चहा गया था संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर उपयंत्रियों का वेतन राजसात किया गया है. उपयंत्री जनपद पंचायत रीवा अरूण पटेल, उपयंत्री जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान हरेन्द्र साहू, उपयंत्री जनपद पंचायत गंगेव अरविंद द्विवेदी, उपयंत्री जनपद पंचायत सिरमौर राजीव मरावी, उपयंत्री जनपद पंचायत जवा विमलकांत गौतम एवं उपयंत्री जनपद पंचायत त्योंथर मनीष ओझा को कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के अवहेलना करने पर कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर सात दिवस का वेतन राजसात करने का आदेश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिया गया है. उन्होंने आगाह किया है कि यदि उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति पायी जाती है तो कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी.

### खेत बचाओ कार्यक्रम आयोजित

**रीवा**. खेत बचाओ कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत लौवा कोठार में किया गया. कार्यक्रम में उप संचालक कृषि यू.पी. बागरी द्वारा किसानों को ई-टोकन प्रणाली से उर्वरक क्रय करने, मृदा परीक्षण द्वारा प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड से संतुलित उर्वरक के उपयोग, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा नरवाई प्रबंधन के बारे में बताया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कश्यप मिश्रा द्वारा हरी खाद का उपयोग, समन्वित पोषक तत्वों का प्रबंधन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गई. इस दौरान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती कृष्णा सिंह, आत्मा परियोजना के सहायक तकनीकी प्रबंधक श्रीमती प्रतीक्षा सिंह, प्राची शर्मा, कृषि सखी ऊषा विश्वकर्मा एवं कृषक जन उपस्थित रहे.




### विंध्य डांस चैंपियनशिप फैशन शो 14 से

**रीवा**. शहर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था डीसेंट डान्स परिवार एवं द ताज इवेंट द्वारा विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 14 एवं 15 जून को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में दो दिवसीय आयोजन 'विंध्य डान्स चैंपियनशिप एवं मिस्टर, मिस व किट्स फैशन शो आयोजित किया जा रहा है. संस्था की डायरेक्टर श्रीमती एकता वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 जून को विंध्य डान्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए गत 7 जून को स्थानीय चक्रधर सिटी स्थित ब्लैक पैंथर डांस अकादमी में ऑडिशन आयोजित किए गए थे. इसमें रीवा के 163 प्रतिभागियों के अलावा सतना, कटनी, जबलपुर, सीधी, सिंगरौली, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र एवं डिंडोरी सहित कई शहरों के प्रतिभागियों ने वीडियो ऑडिशन के माध्यम से सहभागिता की. निर्णायक मंडल द्वारा कुल 97 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया है, जो 14 जून को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. संस्था के कोषाध्यक्ष संतोष जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए मुंबई की विशेष इवेंट एवं डेकोरेशन टीम की सेवाएं ली गई हैं.

### हनुमना में आज से होगी दिव्य हनुमत कथा

**हनुमना**. स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान हनुमना में आज 11 जून से 13 जून तक दिव्य हनुमत कथा का आयोजन किया गया है. जिसमें कथा वाचक के रूप में श्री लक्ष्मी नारायण दास जी महाराज पीठाधीश्वर शाहपुर वृंदावन वाले रहेंगे तथा महाराज जी द्वारा कथा के तीसरे दिन अर्थात 13 जून को दिव्य दरबार का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें लोगों की समस्याओं का समाधान का पर्चा निकाला जाएगा. उल्लेखनीय है कि बागेश्वर धाम छतरपुर की तरह मऊगंज जिले के हनुमना तहसील क्षेत्र के शाहपुर में तकरीबन 1 वर्ष से अधिक समय से दिव्य दरबार लगाया जाता है. इसके पूर्व महाराज एस ई सीएल मीनिंग क्षेत्र शहडोल जिले में भी दिव्या कथाओं के माध्यम से अनेक स्थानों पर तथा उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर भी हनुमत कथा एवं दिव्य दरबार लगा चुके हैं. हनुमना के शाहपुर में 1 वर्ष से शनिवार व मंगलवार को महाराज श्री के द्वारा दिव्या दरबार लगाया जाता है जिसमें हनुमान जी के माध्यम से अपनी समस्याओं का समाधान हेतु आने वाले भक्तों का पर्चा नकल कर समाधान किया जाता है. स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की तपस्थली रामलीला मैदान हनुमना में भी जहां 11 जून 2026 गुरुवार से हनुमत कथा शनिवार 13 जून तक चलेगी तथा 13 जून को ही कथा के बाद हनुमान जी का दिव्य दरबार लगाया जाएगा.

# आम की रखवाली कर रहे किसान पर जंगली सुअर ने किया हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में आम की रखवाली कर रहे एक किसान पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया.**

हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार, नईगढ़ी थाना क्षेत्र के कोरिगवा गांव निवासी चंद्रिका पटेल, उम्र 49 वर्ष, मंगलवार शाम अपने बगीचे में आम की रखवाली कर रहे थे. इसी दौरान एक जंगली सूअर अचानक वहां पहुंचा और अपने नुकीले दांतों से उन पर हमला कर दिया. किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद जंगली सूअर वहां से भाग निकला. हालांकि तब तक किसान गंभीर रूप से घायल हो चुके थे. घायल किसान को परिजनों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया. फिलहाल अस्पताल में उनका उपचार जारी है. वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी के चिकित्सक डॉ. आर.के. पाठक ने बताया कि जंगली सूअर के हमले में घायल व्यक्ति को गंभीर चोटें आई थीं, जिसके चलते बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा भेजा गया है. इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में जंगली जानवरों को रोकने की मांग की है.



## शौर्य चक्र से सम्मानित विंध्य के लाल का गृह ग्राम में स्वागत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, विंध्य की माटी ने एक बार फिर देश स्तर पर अपना परचम लहराया है. सीआरपीएफ में सिपाही के पद पर सेवाएं दे रहे रीवा जिले की सिरमौर तहसील अंतर्गत डेल्ही गांव निवासी संजय तिवारी को उनकी अदम्य वीरता, असाधारण साहस और सर्वाच्च कर्तव्य परायणता के लिये राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा दिल्ली में प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है.**

बता दें कि यह सम्मान बेहद जटिल और खतरनका आतंकवाद विरोधी अभियान में दिखाए गए अद्वितीय साहस के लिये मिला है. फिलहाल यह सम्मान प्राप्त करने के बाद सीआरपीएफ जवान का आज रीवा स्थित गृह ग्राम में प्रथम आगमन हुआ है, जिस मौके पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया. इस मौके पर शौर्य चक्र से सम्मानित जवान संजय तिवारी नें रीवा आगमन पर हुये स्वागत पर खुद को गौरवान्वित होना बताया. उन्होंने रीवा सहित विंध्य के युवाओं को देश के प्रति सेवा समर्पण भाव से काम करने का संदेश भी दिया. दरअसल रीवा के ग्राम डेल्ही निवासी सीआरपीएफ जवान संजय तिवारी को 2 नवंबर 2024 में जम्मू कश्मीर में आतंकवादी विरोधी अभियान के दौरान दिखाए गए अदम्य साहस का परिचय देने पर सम्मानित किया गया है.

यहां अताकियों से मुठभेड के दौरान दुश्मनों की तीन गोलियां खाने के बाद भी संजय ने ना सिर्फ लश्करे तैयबा जैसे संगठन खूखार आतंकवादी उस्मान लाहौरी को मार गिराया बल्कि मौत को भी मात दे दी थी.

## लोकतंत्र और संविधान बचाने उपवास रखकर कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, कांग्रेस पार्टी की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन अलोकतांत्रिक तरीके से निरस्त किये जाने के विरोध में लोकतंत्र बचाओ उपवास कार्यक्रम कांग्रेस ने कर विरोध जताया.**



संभागीय कमिश्नर कार्यालय के सामने उपवास विरोध कांग्रेसियों ने किया. इस दौरान पूर्व सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना सीधे सीधे लोकतंत्र की हत्या है. सुश्री नटराजन का नामांकन जिन कारणों से रद्द किया गया है वह किसी भी दशा में कानूनन अपराध की श्रेणी में नहीं आता है. उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के इस अलोकतांत्रिक कार्य को हमें देश के कोने कोने में जन जन तक पहुंचाना है जिससे भाजपा के चाल और चरित्र को उजागर हो सके. अध्यक्षता कर रहे अशोक पटेल झब्बू ने कहा कि हमारा यह संघर्ष केवल एक दिन के उपवास के बाद समाप्त नहीं होगा वरन् लोकतंत्र की रक्षा के लिए तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को अक्षुण्य रखने के लिए व गोड़सेवादी विचारधारा को समाप्त करने के लिए निरंतर चलता रहेगा. इस अवसर पर श्रीमती नीलम मिश्रा, विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, शीला त्यागी, रमाशंकर पटेल, बबिता साकेत, डॉ. अरुणा तिवारी, गोविंद दास तिवारी मौजूद रहे.

## एनएसयूआई ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला

रीवा, 10 जून, राष्ट्रीय छात्र संगठन रीवा कॉलेज चौराहा में चुनाव आयोग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए. जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है.

# कार बिक्री के नाम पर ठगी का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में कार बिक्री के नाम पर कथित ठगी, वाहन हड़पने और अतिरिक्त रकम की मांग का गंभीर मामला सामने आया है.**

पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक रीवा से शिकायत कर कथित आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है. गढ़ निवासी रूपेश कचेर ने शिकायत में बताया कि उसने जून 2024 में एक युवक से 7 लाख 70 हजार रुपये में एक कार खरीदी थी. आरोप है कि वाहन की पूरी रकम देने के बावजूद आरोपी ने वाहन का ट्रांसफर उसके नाम नहीं कराया और लगातार बहाने बनाता रहा. पीड़ित के अनुसार 9 जून 2025 को गढ़ स्थित बाल भारती स्कूल के सामने खड़ी उसकी कार अचानक गायब हो गई. इसकी शिकायत थाना गढ़ में दर्ज कराई गई. बाद में जानकारी मिली कि उक्त वाहन पुराने मालिक के घर में खड़ा है. पीड़ित का आरोप है कि वाहन की दूसरी चाबी पहले से उसके पास थी. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब पीड़ित वाहन वापस लेने आरोपी के पास पहुंचा तो आरोपी ने उससे अतिरिक्त 3 लाख रुपये की मांग की. विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई. पीड़ित ने एसपी कार्यालय में शिकायत की है.

# 12 वर्ष का कार्य काल पूरा होने पर सांसद-विधायक ने की पूजा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के' अभियान के अंतर्गत जिले भर के मंदिरों में पूजा अर्चना की गई. शहर एवं ग्रामीण अंचलो के मंदिरो में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने पूजा किया.**



रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा एवं गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह सहित भाजपा मंडल गुढ़ के पदाधिकारियों ने बुधवार को श्री कष्टहरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की. इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित पुजारियों एवं श्रद्धालुओं से संवाद भी किया गया. सांसद जनार्दन मिश्रा एवं विधायक नागेंद्र सिंह ने सांसद प्रगति पथ यात्रा में भी भाग लिया. उन्होंने नगर एवं क्षेत्र के नागरिकों से जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की तथा लोगों से संवाद स्थापित किया. रीवा विधानसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, मनकामनेश्वर महादेव मंदिर कोठी में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों के साथ पूजा अर्चना किया. सेमरिया में पैपखरा बालकदास शिव मंदिर में, मनगवां में पंचवटी आश्रम कंदैला में जिला महामंत्री विवेक गौतम द्वारा पूजा अर्चना की गई. इसी तरह अन्य विधानसभा में स्थानीय कार्यकर्ताओ द्वारा मंदिरो में पहुंचकर पूजा अर्चना की गई.

# विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**

उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं. निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा. विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें. कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा. सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को योग के अनुरूप आरामदायक वेशभूषा धारण करने के निर्देश दिए गए हैं.




कार्यशाला में कमिश्नर बीएस जामोद एवं विषय विशेषज्ञ शरद लेले

# वनों के उपयोग के साथ इसके प्रबंधन और संरक्षण की भी है जिम्मेदारी: श्री लेले

नवभारत न्यूज

**रीवा, 10 जून, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कमिश्नर कार्यालय सभागार में वनाधिकार अधिनियम की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत दावे बड़ी संख्या में मान्य किए गए हैं. सामुदायिक दावों के संबंध में राजस्व तथा वन विभाग के अधिकारियों के मन में कई शंकाएं थीं. कार्यशाला में दी गई तथ्यपूर्ण जानकारियों से सभी भ्रांतियाँ दूर हो गई हैं. सामुदायिक वनाधिकार दावे वनों के उपयोग के साथ-साथ इनकी सुरक्षा और संवर्धन का उत्तरदायित्व भी देते हैं. कार्यशाला में प्रशिक्षण देते हुए बंगलौर से आए मास्टर ट्रेनर तथा विषय विशेषज्ञ शरद लेले ने कहा कि वनों में परंपरागत रूप से रहने वाले निवासियों को वन में निस्तार करने की सुविधा तथा वनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली हुई थी. अंग्रेजी शासनकाल में वनों से जुड़े एक्ट बनाकर वनवासियों के अधिकारों का हनन किया गया.

वनाधिकार अधिनियम ने वनों में रहने वाले परंपरागत निवासियों को पुनः उनके अधिकार प्रदान किए. यह एक्ट वनवासियों के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों को मान्यता देने का एक्ट है. सामुदायिक दावे में वनों के विदोहन और उपयोग के साथ-साथ वनों के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन की जिम्मेदारी जुड़ी है. कार्यशाला में डीएफओ सहित अधिकारी मौजूद रहे.